### 64,500 रु. के आभूषण उड़ाए

**गोंदिया**–आमगांव थाने के तहत किकरीपार निवासी फिर्यादी आशीष लिमराज ब्राम्हणकर (34) के देवा किराणा स्टोर्स का ताला तोड़कर अज्ञात व्यक्ति ने काउंटर में रखे 64 हजार 500 रु. के सोने-चांदी के आभूषण चुरा लिए. फिर्यादी की शिकायत पर आमगांव पुलिस ने मामला दर्ज किया है. जांच पुलिस नायक बर्वे कर रहे हैं.


साप्ताहिक

# बुलंद गोंदिया

खबरों का आईना

प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** । संपादक : **नवीन अग्रवाल**

E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | **RNI NO. MAH-HIN-2020/84319**






वर्ष : 4 | अंक : 48 गोंदिया : गुरुवार, दि. 11 जुलाई से 17 जूलाई 2024 ■ पृष्ठ : 4 ■ मूल्य : रु. 5


## फर्जी जात प्रमाण पत्र

## बिरसी के सरपंच प्रकाश सोनवाने पद से बेदखल



**बुलंद गोंदिया। ( संवाददाता कामठा )**– गोंदिया तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम बिरसी कामठा के सरपंच संतोष प्रकाश सोनवाने द्वारा एसटी प्रवर्ग का फर्जी प्रमाण पत्र देकर सरपंच पद प्राप्त किया था। जिसे जाली करार देते हुए जिलाधिकारी द्वारा सोनवाने को सरपंच पद से बेदखल किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोंदिया तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्रामबिरसी कामठा में डेढ़ वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत के चुनाव संपन्न हुए थे। जिसमें बिरसी कामठा निवासी संतोष प्रकाश सोनवाने सरपंच निर्वाचित हुए थे। उल्लेखनीय है कि उस समय सरपंच पद एसटी प्रवर्ग के लिए आरक्षित था जिसके लिए संतोष सोनवाने द्वारा जात प्रमाण पत्र में बोगस दस्तावेज पेश कर एसटी प्रवर्ग का जाति प्रमाण पत्र बनवाकर सरपंच पद पर निर्वाचित हुआ था। इस मामले की शिकायत ग्राम के निवासी सुरेश पंधरे व अन्य नागरिकों द्वारा जिलाधिकारी गोंदिया से की थी। जिस पर जिलाधिकारी गोंदिया द्वारा उपरोक्त मामले की संपूर्ण जांच की व जांच समिति द्वारा सरपंच संतोष सोनवाने को दोषी पाया गया। जिसके चलते जाति प्रमाण पत्र रद्द करने के साथ ही सरपंच पद से सोनवाने को बेदखल किया गया। आदिवासी समाज को मिला न्याय बिरसी कामठा का सरपंच पद आदिवासी समाज एसटी वर्ग के लिए आरक्षित था लेकिन सोनवाने द्वारा जाली दस्तावेज पेश कर सरपंच पद हथिया कर आदिवासी समाज पर अन्याय किया था। लेकिन जिलाधिकारी द्वारा दिए गए आदेश से आदिवासी समाज को न्याय मिला है।– **सुरेश पंधरे शिकायतकर्ता बिरसी।**

## राजस्व कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर काले फिते लगाकर किया आंदोलन



**बुलंद गोंदिया।** महाराष्ट्र राज्य राजस्व कर्मचारी संघटना द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन के प्रथम चरण में बुधवार 10 जुलाई को काले फिते लगाकर प्रतीकात्मक आंदोलन किया। गौरतलब है की महाराष्ट्र राज्य राजस्व कर्मचारी संघटना की विभिन्न मांगों के संदर्भ में शासन स्तर पर किसी भी प्रकार की सकारात्मक पहल न होने के चलते कर्मचारियों द्वारा आंदोलन का रुख अपनाया है। इसी आंदोलन के अंतर्गत जिले के सभी राजस्व विभाग के कर्मचारियों द्वारा बुधवार 10 जुलाई को अपने कार्य स्थल पर काले फिते लगाकर प्रतीकात्मक विरोध कर कार्य किया तथा 11 जुलाई को भोजन अवकाश के समय कार्यालय के गेट पर प्रदर्शन किया जाएगा। शुक्रवार 12 जुलाई को कलम बंद आंदोलन तथा सोमवार 15 जुलाई से अनिश्चितकालीन काम बंद आंदोलन किया जाएगा। कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों में प्रमुख रूप से दांगट समिति के अहवाल को मंजूरी देने, कर्मचारियों को पदोन्नति देने, आकृति बंद के अनुसार कर्मचारियों की भर्ती आदि विभिन्न प्रमुख मांगों को लेकर उपरोक्त आंदोलन किया जा रहा है। राजस्व कर्मचारियों के इस आंदोलन के दौरान सामान्य नागरिकों को होने वाली परेशानी के लिए राज्य कर्मचारी संगठन के जिला अध्यक्ष तथा राज्य के सहसचिव आशीष रामटेके ने खेद व्यक्त किया है।

## शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला एनएसयूआई ने मुख्याधिकारी को ज्ञापन देकर हल करने की मांग



**बुलंद गोंदिया।**–गोंदिया शहर में नगर परिषद द्वारा संचालित स्कूलों में स्कूल की जर्जर हालत ,स्कूलों में खराब व्यवस्था, स्कूलों में फैली हुई अस्वच्छता , नगर परिषद द्वारा संचालित स्कूलों में ष्टष्टञ्जङ्क कैमरे लगाने, राजलक्ष्मी चौक स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल जी जर्जर हालत में लगी हुई प्रतिमा सहित अन्य विषयों को लेकर एनएसयूआई गोंदिया जिला अध्यक्ष अमन तिगाला , शहर अध्यक्ष कृष्णा बिभार के नेतृत्व में एनएसयूआई गोंदिया प्रतिनिधि मंडल द्वारा नगर परिषद मुख्याधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया । प्रतिनिधि मंडल में एनएसयूआई गोंदिया जिला उपाध्यक्ष राहुल बावनथडे, जिला उपाध्यक्ष अमान रोघाटिया, सोशल मीडिया जिला अध्यक्ष जीत गौतम, सार्थक बोरकर, हर्ष ग्वालवंशी, सुमित महाजन, एनएमडी कॉलेज अध्यक्ष प्रतिक तनवानी, योगेश चंदनिया, अजय बंजारे अन्य एनएसयूआई के पदधिकारी तथा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मोटरसाइकिल की टक्कर में चार घायल



**गोंदिया** –अर्जुनी मोरगांव थाने के तहत बोडदे/कवठा निवासी फिर्यादी देवानंद राऊत सोनु (58) अपनी मोटरसाइकिल क्र. एमएच 35 – एच 2209 से मां पेट्रोल पंप से पेट्रोल डालकर नवेगांवबांध मार्ग से जा रहा था. इसी बीच नवेगांवबांध की ओर से मोटरसाइकिल क्र. एमएच 40 एपी 6981 का चालक प्रतिक ज्ञानेश्वर तिरपुडे (24) ने अपनी मोटरसाइकिल पर ट्रिप्पल सीट बैठाकर लापरवाहीपूर्वक चलाकर फिर्यादी की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी. जिसमें फिर्यादी व उसके पीछे बैठा व्यक्ति तथा आरोपी के मोटरसाइकिल पर बैठे दो लोग घायल हो गए.

## लक्ष्मीबाई टेंभरे हाइस्कूल में विश्व मातृ सुरक्षा दिन मनाया गया



**गोंदिया**– तहसील के ग्राम रायपुर स्थित लक्ष्मीबाई टेंभरे हाइस्कूल में विश्व मातृ सुरक्षा दिन मनाया गया. इस अवसर शाला के छात्र छात्राओं ने पौधारोपण किया. अंत में सभी छात्र छात्राओं ने अल्पोहार का आस्वाद लिया. इस अवसर पर प्रमुखता से शाला के मुख्याध्यापक बी.जी. बिसेन, सह शिक्षिका के.ओ. रहांगडाले, एस.डी. कुसराम, एस.वाय. टेंभरे, के.ए. बिसेन, डी. यु. बरडे, पी.डी. लिल्हारे, बी. एस. मंडियारे, संतोष परसगाये, चयनबाई कोहरे, जी.एस. येड़े आदि उपस्थित थे

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में 3 घायल

**गोंदिया**–चिचगड़ थाने के तहत संदरी (डोंगरगांव) निवासी आरोपी कैलाश तेजराम राणे (28) ने अपनी मोटरसाइकिल क्र. एमएच-35 एबी 0281 लापरवाहीपूर्वक चलाकर ग्राम वासनी में पिपरखारी निवासी ब्रिजलाल झिंगु भलावी (45) की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी. जिसमें आरोपी कैलाश, ब्रिजलाल व जीवन नेताम घायल हो गया. फिर्यादी जीवन महारू नेताम (35) की शिकायत पर चिचगड़ पुलिस ने मामला दर्ज किया है. जांच हवलदार नामुतें कर रहे हैं.

## छेड़छाड़ मामले में दोषी को 5 वर्ष कैद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कुलकर्णी का फैसला

**गोंदिया**–महिला के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी हरीकाशी नगर, माताटोली निवासी हेमराज उर्फ हेमू ब्रिजलाल वाधवानी (58) को 4 वर्ष साधारण, 1 वर्ष सश्रम कारावास व 12 हजार रु. जुर्माने की सजा सुनाई गई. यह सजा मुख्य न्यायदंडाधिकारी अभिजीत कुलकर्णी ने 10 जुलाई को सुनाई. शहर के हरीकाशी नगर, माताटोली निवासी आरोपी हेमराज उर्फ हेमू ब्रिजलाल वाधवानी (58) ने महिला को अकेले देख उसके साथ छेड़छाड की. जिसकी शिकायत शहर थाने में की गई. वरिष्ठों के निर्देश पर मामले की जांच की गई. आरोपी हेमराज वाधवानी को गिरफ्तार कर गवाह साक्ष्य संकलित किए गए. इसके बाद दोषारोपपत्र मुख्य न्यायदंडाधिकारी न्यायलय गोंदिया के समक्ष प्रस्तुत किए गए– उक्त प्रकरण में आरोपी को दोषी पाया गया. मुख्य न्यायदंडाधिकारी अभिजित कुलकर्णी ने आरोपी को 4 वर्ष साधा कारावास व 1 वर्ष सश्रम कारावास तथा 12 हजार रु. जुर्माने की सजा सुनाई– मामले की जांच पुलिस उपनिरीक्षक प्राजक्ता पवार ने की. सरकारी वकील कमलेश दिवेवार ने पैरवी की. न्यायालयीन कामकाज हवलदार ओमराज जामकाटे सिपाही किरसान ने देखा.

## स्वीकार मतिमंद दिव्यांग शाला मे फल व साहित्य का वितरण




**बुलंद गोंदिया।** शहर के सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रभान तरोने द्वारा 7 जुलाई को मानसिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए संचालित दिव्यांग स्वीकार स्पेशल मतिमंद स्कूल में विद्या अर्जित करने वाले छात्रों के साथ अपना समय व्यतीत कर उन्हें फल व अन्य सामग्री का वितरण किया। विशेष की अपना जन्म दिवस सादगी पूर्ण रूप से मनाते हुए भाजपा शहर ओबीसी आघाड़ी के अध्यक्ष चंद्रभान तरोने द्वारा अपने परिवार व मित्रों के साथ शहर के मतिमंद स्कूल में जाकर वहां पर शिक्षा प्राप्त करने वाले मतिमंद न व दिव्यांग छात्रों के साथ केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया इस दौरान उन्होंने बच्चों को फल व वाटर बैग वितरित किया। इस अवसर परतरोने की पत्नी पूर्व पार्षद सुनीता तरोंने धनंजय वैद्य, महामंत्री, विजेंद्र यादव, धनवंतराव शिवणकर, ओबीसी शहर उपाध्यक्ष शिल्पा पटले, शारीका सोनी, संगीता शेडे, ओमप्रकाश बघेले, अजय जांगडे,सहित स्कूल के पदाधिकारी शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित थे।

## मानसून सत्र में SC/ST/OBC छात्रों की विदेशी छात्रवृत्ति समाप्त करने की दमनकारी शर्तें करें रद्द

### अन्यथा करेंगे आमरण अनशन- इंजि राजीव ठकरेले




**बुलंद गोंदिया**–महाराष्ट्र सरकार के सामाजिक न्याय और विशेष सहायता विभाग द्वारा कार्यान्वित छत्रपति राजर्षि शाहू महाराज विदेशी शिक्षा छात्रवृत्ति के लिए, 8 लाख की वार्षिक आय सीमा लागू करते हुए, क्रिमिलियर की अवधारणा और 55% के स्थान पर 75% की हाल ही में अपनाई गई शर्त शैक्षिक योग्यता और सीमित छात्रवृत्ति की दमनकारी इस फैसले से SC/ST/OBC छात्रों का भविष्य खतरे में पड़ जाएगा और कई छात्र इस योजना से वंचित रह जाएंगे। इसके अलावा पोस्ट ग्रेजुएट के लिए 30 लाख और पीएचडी के लिए 40 लाख की सीमा लगाई गई है। इसमें 12 लाख रुपये का वार्षिक निर्वाह भत्ता शामिल है. चूँकि ऐसे पाठ्यक्रम के लिए विदेशी विश्वविद्यालयों की ट्यूशन फीस और अन्य जीवन-यापन का खर्च वर्तमान में 65 से 90 लाख है, जाहिर है सरकारी छात्रवृत्ति अपर्याप्त होगी और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए छात्रवृत्ति का लाभ भी अपर्याप्त होगा। साथ ही यह भी बदलाव किया गया है कि अगर पोस्टग्रेजुएट कोर्स के लिए स्कॉलरशिप ली जाती है तो उसे पीएचडी के लिए नहीं लिया जा सकेगा. साथ ही यह भी प्रतिबंध लगाया गया है कि एक परिवार से केवल एक ही छात्र इस योजना का लाभ उठा सकता है।

विदेशी शिक्षा छात्रवृत्ति योजना से आय शर्त, प्रतिशत शर्त, 30-40 लाख की सीमित छात्रवृत्ति शर्त और एससी/एसटी/ओबीसी छात्रों पर लगाई गई अन्य दमनकारी शर्तों को वापस लेकर इस योजना को जैसे थें वैसे कर देंगे। साथ ही सरकारी नौकरियों में अनुबंध के आधार पर भर्ती के सरकारी आदेश को वापस लें और SC/ST/OBC छात्रों की 2 से 3 साल से लंबित छात्रवृत्ति अविलंब प्रदान करें। इन सभी मांगों को विधानसभा के चालू सत्र की समाप्ति से पहले पूरा किया जाना चाहिए अन्यथा 15 जुलाई 2024 से भूख हड़ताल शुरू करेंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी। ऐसा बयान आज दिनांक 08 जुलाई 2024 को बहुजन अधिकार मंच के इंजि राजीव ठकरेले तथा विलास राऊत ने दिया है। इन सभी मांगों का निवेदन देते वक्त विष्णु नगरीकर, संतोष ठाकुर, कृष्ण बिभार, नागेश चौहान, नीतीश अडमें, पंकज मस्करे, अरविंद सहारे आदि कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 1 करोड़ 15 लाख की लागत से पीएचसी उपकेंद्र का तुमसर में किया भूमीपूजन

### आरोग्यम धनसंपदा का मंत्र हमें अच्छे स्वास्थ्य की ओर ले जाता है - पंकज रहांगडाले



**बुलंद गोंदिया।** गोरेगांव तहसील के तुमसर,में 1 करोड़ 15 लाख रुपये की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र भूमिपूजन संपन्न हुआ. माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वास्थ्य सेवा पर विशेष ध्यान दिया है और नागरिकों के स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए ठोस प्रयास किए हैं। माननीय मोदी जी बीमारी के बाद इलाज से ज्यादा यह सुनिश्चित करने पर काम कर रहे हैं कि बीमारी हो ही नहीं। डायरिया, मलेरिया और मानसूनी बीमारियों को कम करने में सरकार को सफलता मिली है। . युद्धस्तर पर शौचालय निर्माण का कार्य शुरू होने से देश में खुले में शौच से होने वाली बीमारियों में कमी आयी। इसके साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के तहत अपशिष्ट जल का शोधन, उपचार और उसे नदी में प्रवाहित किए बिना छोड़े जाने से नदियों को प्रदूषित होने से भी बचाया जा रहा है। नितिन गडकरी हमेशा अपने भाषणों में इस बात का जिक्र करते हैं कि नागन दी के खराब पानी से नागपुर नगर निगम करोड़ों रुपये कमा रहा है। जिला परिषद अध्यक्ष पंकज रहांगडाले ने विचार व्यक्त किया कि तुमसर को प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र बनना चाहिए और आज इसका शिलान्यास करते हुए उन्हें बेहद खुशी हो रही है। इस अवसर पर विधायक मनोहर चंद्रिकापुरे, यशवंत गणवीर उपाध्यक्ष जिला परिषद गोंदिया, डॉ. लक्ष्मण भगत जिला परिषद सदस्य, रामेश्वर महारवाडे पंचायत समिति सदस्य, योगिताताई देशमुख सरपंच, विजय सहारे उपसरपंच, नरेश कोहरे उपसरपंच मेंढा, कल्पनताई बहेकर पूर्व सरपंच, सुरेश राहंगडाले, जगनित सर और क्षेत्र के नागरिक उपस्थित थे।

## युवक ने खेत में जहर पीया

**गोंदिया**–आमगांव तहसील के ग्राम बघेड़ा निवासी शुभम मरस्कोल्हे (18) ने खेत में जहर पी लिया. आमगांव के ग्रामीण अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया.

## देशबंधु वार्ड पुरोहित चौक से 2 दुपहिया वाहनों की चोरी शहर में बड़ी चोरी की घटनाएं

**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया के देशबंधु वार्ड पुरोहित चौक से 2 दुपहिया वाहनों की चोरी हुए तथा गत कुछ दिनों से शहर में वाहनों वह घरफोड़ी की घटनाओं में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार देशबंधु वार्ड पुरोहित चौक गुजराती समाजवाड़ी के समिप के निवासी कमल राधेश्याम पुरोहित के निवास स्थान के बाहर रखी उनकी 2 दुपहिया वाहन वाहन एक्टिवा क्रमांक एम 35 ए एस 6490 व दुपहिया वाहन क्रमांक एम एच 35 ए सी 2111 अज्ञात चोरों द्वारा चुरा ली गई जिसकी शिकायत शहर पुलिस थाने में फरियादी कमल पुरोहित द्वारा दर्ज करवाई गई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। गोंदिया शहर में गत कुछ समय से चोरियों की घटनाओं में काफी बढ़ोतरी हो गई है। जिसमें दुपहिया वाहन की चोरी के मामले काफी सामने आ रहे हैं। जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्न चिन्ह लगता दिखाई दे रहा है। शहर के मध्य जहां रात में भी आवागमन शुरू रहता है क्योंकि रेलवे स्थानक समीप होने से रात भर आवागमन शुरू रहता है उसके बावजूद इस प्रकार की चोरी की घटना होना यह प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान उठा रहा है। शहर की स्ट्रीट लाइट बंद चोरो को प्रशासन का सहयोग गत कुछ दिनों में शहर के अधिकांश क्षेत्रों की स्ट्रीट लाइट बंद होने से चोरों को अपनी कार्य प्रणाली को अंजाम देने में सहयोग मिल रहा है जिससे प्रश्न यह उठ रहा है कि नगर परिषद प्रशासन स्ट्रीट लाइट बंद कर चोरों को चोरी करने के लिए प्रोत्साहन दे रहा है।

## संपादकिय...

# जम्मू में लौटा आतंकवाद

अक्सर कहा जाता है कि जम्मू-कश्मीर में पाकपरस्त आतंकवाद घाटी तक ही सीमित था। जम्मू संभाग, कठुआ, डोडा, राजौरी-पुंछ में वैकल्पिक रणनीति के तहत आतंकी हमले किए जाते थे। ज्यादातर सैन्य वाहनों को निशाना बनाया जाता था। करीब 20 साल पहले जम्मू संभाग से आतंकियों का सफाया कर दिया गया था। कुछ हद तक सरकार का यह दावा सही है, लेकिन अब जो आतंकी हमले बढ़े हैं, उनके मद्देनजर लगता है कि जम्मू क्षेत्र और उसके आसपास पाकपरस्त आतंकवाद लौट रहा है। बीते साल सबसे अधिक आतंकी हमले राजौरी-पुंछ में किए गए, जिनमें 25 आतंकी ढेर कर दिए गए, लेकिन हमारे 20 जवान भी 'शहीद' हुए। ताजातरीन हमला कठुआ से करीब 150 किलोमीटर दूर एक गांव में किया गया। सैनिक एक वाहन में सवार थे। यह हमला पुलवामा हमले का सारांश लगता है। इस बार भी आतंकियों ने सेना के वाहन पर गोलीबारी की और ग्रेनेड फेंके। हमले में अमरीका की वे अत्याधुनिक राइफलें इस्तेमाल की गई थीं, जो आतंकियों का नाश करने के लिए पाकिस्तान को मुहैया कराई गई थीं। सवाल और जवाबदेही अमरीका और पाकिस्तान से है कि वे राइफलें आतंकियों के पास कैसे पहुंची? जाहिर है कि पाकिस्तान अब भी आतंकियों की मदद कर रहा है और उनकी 'पनाहगाह' बना है। दरअसल जम्मू संभाग में आतंकी हमले लोकसभा चुनाव और जम्मू-कश्मीर में लबालब मतदान के जरिए लोकतंत्र के समर्थन और 9 जून को तीसरी बार मोदी सरकार के शपथ-ग्रहण के बाद बढ़े हैं। चुनावी जनादेश की घोषणा की तारीख 4 जून के बाद जम्मू-कश्मीर में कुल 24 आतंकी हमले किए गए हैं, लेकिन इनमें से 18 हमले जम्मू संभाग में ही किए गए। सोमवार 8 जुलाई के कठुआ हमले में एक जूनियर कमीशंड ऑफिसर (जेसीओ) समेत 5 सैनिक 'शहीद' हुए और 5 अन्य घायल हैं। न जाने उनकी तबीयत भी कैसी होगी? यकीनन सेना इन शहादतों का प्रतिशोध जरूर लेगी। इस हमले से 24 घंटे पहले सेना ने दो मुठभेड़ों में 6 आतंकी मारे थे, जबकि 2 जवान 'शहीद' हुए थे। कठुआ जिले में यह दूसरा आतंकी हमला है। बीती 12-13 जून को कठुआ में हमले के दौरान 2 आतंकी मार गिराए गए थे। बहरहाल हमें विश्वास है कि आतंकी जिन बिलों में छिपे होंगे, हमारा सैन्य ऑपरेशन वहां से निकाल कर उन्हें ढेर करेगा, लेकिन रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि आतंकियों के प्रति रणनीति बदलनी पड़ेगी। उसके बिना आतंकियों को नेस्तनाबूद नहीं किया जा सकता। राजौरी और पुंछ पाकिस्तान सरहद से सटे हुए जिले हैं। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण गुर्जर और बकरवाल आदिवासी ही इन क्षेत्रों में रह पाते हैं। इन पर आतंकियों से पैसे लेकर मदद देने का भी आरोप लगता रहा है। सेना के सामने इन्हें मुखबिर बनाने की गंभीर चुनौती है। इनकी मदद के बिना पाकपरस्त आतंकियों का सफाया असंभव है।

# बढ़ती जनसंख्या के मुकाबले सुविधाओं का स्तर विश्व जनसंख्या दिवस विशेष 11 जुलाई 2024

**विश्व** के सबसे बड़े युवा आबादी वाले देश के रूप में भारत है, देश में क्षेत्रफल की तुलना में आबादी हद से ज्यादा बढ़ चुकी है, जिससे विकास का चक्र धीमा होकर समाज के हर वर्ग और हर नागरिक तक सुविधाएं पहुंचाना मुश्किल हो जाता है। विभिन्न परिस्थितियों के कारण हर किसी को आगे बढ़ने का मौका नहीं मिलता या आवश्यक विकास संभव नहीं हो पाता, जिससे देश में संसाधनों का अत्यधिक दोहन, गलिच्छ बस्तियां, अशुद्ध वातावरण, प्रदूषण, अशुद्ध हवा-पानी, निम्न जीवनमान जैसी समस्याओं का निर्माण होता है और आगे ये समस्याएं आर्थिक असमानता, भुखमरी, कुपोषण, बेरोजगारी, महंगाई, नशाखोरी, अपराधवृत्ति, मिलावटखोरी, भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं को तेजी से बढाती है, लोग अपने स्वार्थ के हिसाब से जीने लगते हैं और नैतिकता, नीति-नियम, सामूहिक जिम्मेदारी, देश के प्रति कर्तव्य भावना बस नाम के लिए रह जाती है। अन्नदाता किसानों की आत्महत्याएं रुकने का नाम नहीं ले रही है। हर वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए सरकारी योजनाएं, आयोग, कानून, नीतियां, मंत्रालय, विभाग, संगठन होकर भी लोग समस्याओं से जूझते है क्योंकि उन्हें उचित सुविधाएं नहीं मिल पा रही या उस वर्ग तक योग्य मात्रा में पहुंच नहीं रही है। विश्व के कई विकसित देशों की जनसंख्या के मुकाबले हमारे देश के एक-एक राज्य की जनसंख्या है।

नवीनतम संयुक्त राष्ट्र डेटा वर्ल्डोमीटर विस्तार के आधार पर, 1 जुलाई, 2024 तक भारत की वर्तमान जनसंख्या 1,441,696,095 थी। भारत की जनसंख्या विश्व की कुल जनसंख्या का 17.76% है। जनसंख्या के आधार पर भारत नंबर 1 पर है। भारत का जनसंख्या घनत्व 481 प्रति वर्ग किमी है। कुल भूमि क्षेत्रफल 2,973,190 किमी है, भारत में 36.3% जनसंख्या शहरी है और औसत आयु 28.2 वर्ष है। आजादी से 2014 तक भारत देश पर 55 लाख करोड़ रुपया कर्ज था, अब वो कर्ज बढ़कर दिसंबर 2023 तक 205 लाख करोड़ रुपया हुआ। विश्व आर्थिक मंच रिपोर्ट 2021 अनुसार, भारत की शिक्षा की गुणवत्ता दुनिया में 90 वें स्थान पर है, ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक 2023 में भारत 180 देशों में से 93वें स्थान पर है। 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत की झुग्गी-झोपड़ियों की आबादी लगभग 6.5 करोड़ है जो शहरी भारत का 17% और भारत की कुल आबादी का 5.4% है। 2011 में, महाराष्ट्र में झुग्गियों में रहने वाली आबादी 1.18 करोड़ थी, इसके बाद आंध्रप्रदेश में लगभग 1.02 करोड़ थी।

देश में संपत्ति व आय प्राप्ति में बहुत असमानता है, जो लगातार बढ़ रही है। भारत में संपत्ति असमानता से पता चलता है कि शीर्ष 10 फीसदी आबादी के पास कुल राष्ट्रीय संपत्ति का 77 प्रतिशत हिस्सा है, सबसे अमीर 1 फीसदी के पास देश की 53 प्रतिशत संपत्ति है, जबकि सबसे गरीब में से आधे लोगों के पास राष्ट्रीय संपत्ति का केवल 4.1 प्रतिशत हिस्सा है। विश्व असमानता रिपोर्ट 2022 के अनुसार, शीर्ष 10 फीसदी के पास कुल राष्ट्रीय आय का 57 प्रतिशत है तथा शीर्ष 1 फीसदी के पास राष्ट्रीय आय का 22 प्रतिशत है। सबसे निम्न 50 फीसदी की हिस्सेदारी 13 प्रतिशत हो गई है। देश के कुल वस्तु एवं सेवा कर अर्थात जीएसटी का लगभग 64 प्रतिशत पैसा नीचे की 50 फीसदी आबादी से आया, जबकि केवल 4 प्रतिशत शीर्ष 10 फीसदी से आया।

एफएओ, आईएफएडी, यूनिसेफ, डब्ल्यूएफपी और डब्ल्यूएचओ की संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया की 42.1 प्रतिशत आबादी को स्वास्थ्यवर्धक पोषक भोजन तक पहुंच नहीं है, जबकि भारतीय आबादी के लिए यह आंकड़ा 74.1 प्रतिशत है। 16.6 प्रतिशत भारतीय कुपोषित हैं, जबकि दुनिया की आबादी का 9.2 प्रतिशत और चीन की आबादी का केवल 2.5 प्रतिशत है। देश की सबसे बड़ी आबादी भूख से पीड़ित होने के बावजूद कुल भारतीय परिवार हर साल अनुमानित 78.2 मिलियन टन भोजन बर्बाद करते हैं। 2022 में, दुनिया में 1.05 बिलियन टन भोजन बर्बाद हो गया। दुनिया भर में प्रतिदिन 1 अरब भोजन बर्बाद होता है, ऐसा संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट का कहना है। खाद्यान्न की हानि और बर्बादी का खतरा 1 ट्रिलियन डॉलर है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में हर व्यक्ति हर साल 55 किलो खाना बर्बाद करता है। विश्व भूख सूचकांक में भारत 125 देशों में से 111 वें स्थान पर है, जो भूख की तीव्रता के गंभीर स्तर को दर्शाता है। यूनिसेफ की %बाल पोषण रिपोर्ट 2024% से पता चलता है कि वैश्विक स्तर पर 5 वर्ष से कम उम्र के 181 मिलियन बच्चे गंभीर खाद्य गरीबी में है, इसमें भारत, चीन, अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान की हिस्सेदारी 65% है।

ब्लूमबर्ग के हवाले से नैटिक्सिस एसए की रिपोर्ट अनुसार, भारत को 2030 तक 11.5 करोड़ नौकरियां पैदा करने की जरूरत है, अर्थात हर साल 1.65 करोड़ नौकरियां। साल 2030 तक, पृथ्वी पर कामकाजी हर पांच लोगों में से एक भारतीय होगा। हाल ही में, मानव विकास संस्थान और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने %भारत रोजगार रिपोर्ट 2024% नामक एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें बताया गया है कि भारत बढ़ती युवा बेरोजगारी दर से जूझ रहा है। भारत के बेरोजगार कार्यबल में लगभग 83% युवा हैं, और कुल बेरोजगारी में माध्यमिक या उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं की हिस्सेदारी 2000 में 35.2% से लगभग दोगुनी होकर 2022 में 65.7% हो गई है। देश में बेरोजगारी का आलम से तो सभी वाकिफ है ही। चपरासी के पद के लिए भी बड़ी मात्रा में उच्च शिक्षित पीएचडी पदवी धारक भी आवेदन करते है। सरकारी नीतियों के बावजूद, सामाजिक असमानता बनी हुई है। डब्ल्यूएचओ प्रति 1000 जनसंख्या पर 1 डॉक्टर और 3 नर्स के अनुपात की सिफारिश करता है, जबकि देश में प्रति 1000 लोगों पर 0.73 डॉक्टर और 1.74 नर्से है, भारत को अपनी आबादी की स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को पर्याप्त रूप से पूरा करने के लिए 3.5 मिलियन अतिरिक्त अस्पताल बेड की आवश्यकता है। देश में हर क्षेत्र के लिए बड़ी मात्रा में पदभरती की आवश्यकता है।

सरकारी विभागों में बड़ी मात्रा में बरसों से पद खाली पड़े है, अधिकतर विभागों में कर्मचारियों की कमी होने से बहुत बार सरकारी सुव्यवस्था और विकास बोझ तले दबे हुए प्रतीत होते है, जिसका खामियाजा सामान्य जनता को भुगतना पड़ता है। उदाहरण के लिए ट्रैफिक पुलिस की कमी के कारण शहर में ट्रैफिक सिग्नल पर यातायात की समस्या अर्थात हर ट्रैफिक सिग्नल पर ट्रैफिक पोलिस नजर ही नहीं आती इसलिए अधिकतर वाहन सिग्नल तोड़ कर निकलते है, दुर्घटना होने पर समय पर सहायता नहीं मिलती, ट्रैफिक जाम में एंबुलेंस तक को निकलने जगह नहीं मिलती है। कहीं सड़क खोदकर छोड़ देते है, कहीं सड़क पर कचरे का ढेर लगा रहता है, कहीं खुली गटर तो कहीं पिने का पानी बहता रहता है, तो कहीं दिन में सड़कों पर स्ट्रीट लाइट शुरू रहती है। शुद्ध ऑक्सीजन, शुद्ध पानी, शुद्ध आहार अब मिलना मुश्किल हो गया है। मिलावटखोरी का ये आलम है कि शहर में रोज हजारों दुकानों पर जाँच होनी चाहिए, परंतु बड़े त्योहारों या साल में कभी-कभार ही सरकारी विभागों द्वारा जाँच होने की खबरें पढ़ने को मिलती है। कर्मचारियों की कमी से शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, न्याय हर क्षेत्र में समस्या नजर आती है, जिससे काम लंबित होते है, सालो-साल पेंडिंग फाइल का काम चलता है, कार्य की गुणवत्ता निम्न होती जाती है और सामान्य मनुष्य का जीवन संघर्षमय बनता जाता है। ऐसी स्थितियों में सत्ताधारी, अधिकारी वर्ग, कर्मचारी अपने स्वार्थ के लिए पद का दुरूपयोग करने की संभावना बढ़ जाती है।सौ बात की एक बात है कि जनसंख्या के मुकाबले सुविधाएं कम है और तब मांग की तुलना में पूर्ति कम होने पर गुणवत्ता गिरती है। शहर, महानगर 10 साल में दोगुनी आबादी से बढ़ रहे है। बढ़ती आबादी सरकारी प्रणाली, तकनीक और प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव बनाती है। जनसंख्या नियंत्रण होने पर ही सबको बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सुविधा मिल सकती है, सभी बच्चों को उच्चतम परवरिश मिलेगी, तभी सबका जीवनमान सुधरेगा। सरकार ने कार्यकलापों को तय समय में निपटाना चाहिए, सबको शिक्षा अनुसार रोजगार मिलना चाहिए। प्रत्येक विभाग में पदभरती हर साल होनी चाहिए।

सरकारी यंत्रणा मजबूत और विकसित होनी चाहिए। प्रत्येक नागरिक को उसकी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति आसानी से प्राप्त होनी चाहिए। जनता की जिम्मेदारी है कि सरकार को पूरा सहयोग करें और नीति नियमों का पालन करें।

**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

# ग्राविअ ने की 13.15 लाख की हेराफेरी

## अडयाल पुलिस थाने में मामला दर्ज



**भंडारा**-अडयाल पुलिस ने रुपये की हेराफेरी करने के मामले में अडयाल के तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज किया है. इस अधिकारी का नाम शामराव अभिमान नागदेवे (50) है और वह शांतिनगर तकिया वार्ड भंडारा निवासी है. शामराव नागदेवे 2014 से 2016 तक अडयाल ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी के रूप में कार्यरत थे. उस समय निर्माण के लिए नागरिक सुविधाओं एवं सामान्य निधि के तहत खरीदी गई सामग्री (मामूली रॉयल्टी) की राशि में कटौती किए बिना पूरी राशि आपूर्तिकर्ता को दे दी गई और धनराशि 2 लाख 92 हजार 463 रुपये हस्तांतरित कर दी गई. रॉयल्टी के लिए भुगतान की गई राशि 56 हजार 578 की राशि भी आपूर्तिकर्ता के बिल से काट ली गई और बिना भुगतान किए फंड से भुगतान कर दिया गया. तकनीकी स्वीकृति क्रमांक 517 के लिए 3 लाख 80 हजार 74 रुपए, तकनीकी स्वीकृति क्रमांक 321 के लिए 2 लाख 27 हजार 677 रुपए और तकनीकी स्वीकृति क्रमांक 299 के लिए 1 लाख 21 हजार 223 रुपए कुल मिलाकर 5 लाख 66 हजार 974 रुपये का गबन फर्जी निर्माण, फर्जी लेबर, फर्जी माप दिखाकर किया गया. इन कार्यों को बजट, तकनीकी स्वीकृति क्रमांक 440 के अनुरूप किये बिना कार्य में परिवर्तन कर 80 एमएम गिट्टी एवं सीमेंट कंक्रीट का उपयोग किये बिना कार्य में अनियमितता कर कर्तव्य में अवहेलना की गई है. नागरिक सुविधा योजना के तहत काटी गई बिक्री कर की राशि और बिल से काटी गई राशि शासन को जमा कराए बिना ही हेराफेरी कर ली गई. वर्ष 2013-14 एवं 2014-15 में सीमेंट रोड एवं नाली निर्माण में विक्रय कर बीमा, उपकर एवं रॉयल्टी की कुलराशि 3 लाख 99 हजार 838 रुपये की कटौती की गयी. लेकिन, उक्त राशि को सरकारी खाते में जमा कराये बिना ही गबन कर लिया गया. इस तरह कुल 13 लाख 15 हजार 853 रुपये की ठगी की गई. इस मामले में पवनी पंचायत समिति के विस्तार अधिकारी राहुल हजारे की शिकायत पर शामराव नागदेवे के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. इस मामले की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक पाटिल कर रहे हैं.

# यात्रियों को बड़ी राहतः ट्रेनों में अक्टूबर माह से 04 जनरल डिब्बों की होगी सुविधा उपलब्ध



**गोंदिया**-रेलवे प्रशासन द्वारा जनरल कोच के यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये एक्सप्रेस ट्रेनों में अनारक्षित कोच बढ़ाने की योजना बनाई गई है । इसके अंतर्गतइसी क्रम में अब दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल से गुजरने वाली लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनों में आगामी अक्टूबर माह से 04 जनरल कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है7 गाड़ियों में जनरल कोचों की संख्या के बढ़ जाने से द्वितीय श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों को भारी राहत मिलेगी । साथ ही जनरल कोचों मे बढ़ रहा अत्यधिक यात्री दबाव भी काफी मात्रा में कम होगा । लंबी दूरी यात्रा करने वाले यात्रीगण सुगम एवं आरामदायक यात्रा कर सुखद अनुभव प्राप्त कर सकेंगे । 13425 मालदा टाउन-सूरत एक्सप्रेस में 26 अक्टूबर 2024 से एवं 13426 सूरत- मालदा टाउन एक्सप्रेस में 28 अक्टूबर 2024 से 04 जनरल कोच की सुविधा उपलब्ध होगी। 22512 कामाख्या-एलटीटी एक्सप्रेस में 07 दिसंबर 2024 से एवं 22511 एलटीटी-कामाख्या एक्सप्रेस में 10 दिसंबर 2024 से 04 जनरल कोच की सुविधा उपलब्ध होगी। 20857 पुरी-साई नगर शिर्डी एक्सप्रेस में 29 नवम्बर 2024 से एवं 20858 साईनगर शिर्डी- पुरी एक्सप्रेस में 01 दिसम्बर 2024 से 04 जनरल कोच की सुविधा उपलब्ध होगी । 22866 पुरी-एलटीटी एक्सप्रेस में 26 नवम्बर 2024 से एवं 22865 एलटीटी -पुरी एक्सप्रेस में 28 नवम्बर 2024 से 04 जनरल कोच की सुविधा उपलब्ध होगी। 20813 पुरी-जोधपुर एक्सप्रेस में 27 नवम्बर 2024 से एवं 20814 जोधपुर-पुरी एक्सप्रेस में 30 नवम्बर 2024 से 04 जनरल कोच की सुविधा उपलब्ध होगी। 12807 विशाखापटनम -निज़ामुद्दीन समता एक्सप्रेस में 19 नवम्बर 2024 से एवं 20808 निज़ामुद्दीन-विशाखापटनम समता एक्सप्रेस में 21 नवम्बर 2024 से 04 जनरल कोच की सुविधा उपलब्ध होगी। 22847 विशाखापट्टनम- एलटीटी एक्सप्रेस में 24 नवम्बर 2024 से एवं 22848 एलटीटी-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस में 26 नवम्बर 2024 से 04 जनरल कोच की सुविधा उपलब्ध होगी। 17321 वास्कोडिगमा-जसीडीह एक्सप्रेस में 01 नवम्बर 2024 से एवं 17322 जसीडीह-वास्कोडिगमा एक्सप्रेस में 04 नवम्बर 2024 से 05 जनरल कोच की सुविधा उपलब्ध होगी।12771 सिकंदराबाद-रायपुर एक्सप्रेस में 13 नवम्बर 2024 से एवं 12772 रायपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस में 14 नवम्बर 2024 से 04 जनरल कोच की सुविधा उपलब्ध होगी। 17005 हैदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस में 14 नवम्बर 2024 से एवं 17006 रक्सौल-हैदराबाद एक्सप्रेस में 17 नवम्बर 2024 से 04 जनरल कोच की सुविधा उपलब्ध होगी। 12410 निज़ामुद्दीन-रायगढ़ गोंडवाना एक्सप्रेस में 28 अक्टूबर 2024 से एवं 12409 रायगढ़-निज़ामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस में 30 अक्टूबर 2024 से 04 जनरल कोच की सुविधा उपलब्ध होगी ।

# शिक्षक पदोन्नति में दिव्यांगों के साथ अन्याय

**सड़क अर्जुनी**-कुछ दिन पहले जिप सीईओ मुरुगानंथम और शिक्षा विभाग की मदद से जिले में शिक्षकों का स्थानांतरण किया गया. इसमें पदोन्नति पर तबादले भी शामिल हैं. लेकिन आरोप लगाया गया है कि शिक्षा संचालक प्राथमिक पुणे के निर्देशों की अनदेखी करके विज्ञान और गणित विषयों के लिए पदोन्नति में दिव्यांग शिक्षकों के साथ अन्याय किया गया है. शिक्षा संचालक प्राथमिक पुणे के निर्देशानुसार विज्ञान व गणित विषयों के स्नातक शिक्षकों के लिए एक पदोन्नति कार्यशाला का आयोजन किया गया था. संचालक द्वारा जारी पत्र में पदोन्नति प्रक्रिया का स्पष्ट उल्लेख है. इसके बावजूद कहा गया कि यह कार्यशाला पदोन्नति नहीं बल्कि पदस्थापना है, ऐसा बताया गया. शासन के निर्णय के अनुसार दिव्यांगजनों को पदोन्नति अथवा पदस्थापन में 4 प्रश. आरक्षण का प्रावधान किया गया है. हालांकि, यह मामला दिव्यांगों द्वारा जिप सीईओ और शिक्षाधिकारी (प्राथमिक) के ध्यान में लाया गया था. लेकिन इस पर किसी भी तरह से अमल न करते हुए दिव्यांग व्यक्ति को सभागृह से बाहर जाने को कहा गया. यह दिव्यांगों के साथ अन्याय है. इसलिए, यह पदोन्नति प्रक्रिया अवैध है और शिक्षकों की मांग है कि अन्याय सहने वाले दिव्यांग शिक्षकों को न्याय दिया जाए.

# सेवानिवृत्त शिक्षकों का 1 अगस्त को धरना आंदोलन

## संगणक वसूली की राशि न मिलने से नाराजगी

**गोंदिया**-सेवानिवृत्त शिक्षकों के उपदान से वसूल की गई संगणक राशि की मांग को लेकर अनेक बार प्रशासन एवं शासन स्तर पर प्रयास किए गए। विगत 15 जून को जिला परिषद के सीईओ, मुख्य लेखा एवं वित्त अधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा गया। 15 दिनों के भीतर समस्या हल करने का आश्वासन भी सेवानिवृत्त शिक्षकों को दिया गया। बावजूद अब तक उचित कदम नहीं उठाए गए हैं। नाराज सेवानिवृत्त शिक्षकों ने आगामी 1 अगस्त को जिला परिषद के सामने एक दिवसीय धरना आंदोलन करने का निर्णय लिया है। सेवानिवृत्त शिक्षकों की ओर से दो दिनों पूर्व जिला कार्यकारिणी की सभा में लिए गए निर्णय के अनुसार जिप सीईओ एवं मुख्य लेखा तथा वित्त अधिकारी को फिर से ज्ञापन सौंपकर 15 दिनों का अल्टीमेटम देकर चर्चा की गई। इसमें मुख्य लेखा एवं वित्त अधिकारी जनार्दन खोटरे तथा अधीक्षक बागड़े ने 31 जुलाई तक सभी तहसील के संगणक सूची मंजूर करने का आश्वासन दिया। अगर 31 जुलाई तक सभी तहसीलों की संगणक सूची मंजूर नहीं की गई तो महाराष्ट्र राज्य सेवानिवृत्त शिक्षक- शिक्षकेत्तर कर्मचारी व अधिकारी संगठन ने 1 अगस्त को एक दिवसीय धरना आंदोलन करने की चेतावनी दी है। इसी प्रकार शिक्षकेतर कर्मचारी व अधिकारियों को भी सेवानिवृत्त शिक्षकों की तर्ज पर उनके उपदान से वसूल की गई संगणक एवं नक्सल भत्ता राशि देने संदर्भ में आदेश जारी करने की मांग की गई। इस संदर्भ में 7 जुलाई को विधायक विनोद अग्रवाल को भी अवगत कराया गया। इसके बाद अग्रवाल ने दूरध्वनि से वित्त अधिकारी खोटरे से संपर्क कर 20 जुलाई तक समस्या हल करने को कहा। इस समय संगठन के जिलाध्यक्ष एल.यू. खोब्रागड़े, सचिव पी.एन. बडोले, कोषाध्यक्ष डी.एल. गुप्ता, राज्य प्रतिनिधि पी.आर. पारधी, उपाध्यक्ष टी.बी. भेंडारकर, पी.बी. लांजेवार, आर. आर. अगड़े, सुरेश आष्टीकर, डी.एन. गोलीवार, एन.डी. कारंजेकर, जे.बी. कराडे, पी.झेड. पटले, पी.बी. शहारे, उषा डोमले, डी. बी. चौधरी, एस.एम. येड़े, रेखा बोरकर, गीता दोनोड़े, फुलेश्वरी नांदने, डी.एम. दखने, एल.आर. रहांगडाले, विजयलता पोहरकर उपस्थित थे।



# जलाशयों से पर्यटक रहे सावधान, लोनावला जैसी घटना को रोकने जलाशयों के 200 मीटर दायरे में प्रतिबंध



**गोंदिया**-पुणे जिले के लोनावाला में भूशी बांध पर पर्यटकों के साथ हुई दुर्घटना की पुनरावृत्ति से बचने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जिलाधिकारी गोंदिया प्रजीत नायर ने जिले के सभी जलाशयों, नदी-नाले, छोटे तालाब आदि के क्षेत्र पर नागरिकों की सुरक्षा की दृष्टि से 200 मीटर के दायरे पर दो माह के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। राज्य के अंतिम छोर का नैसर्गिक सौंदर्य से परिपूर्ण, सतपुड़ा पहाड़ियों से घिरा एवं कुदरती घने जंगल वाला गोंदिया जिला अपने भीतर अनेक खूबसूरती को समाएं हुए है। इस कुदरती सौंदर्य को निहारने, नवेगांवबांध नेशनलकपार्क, नवेगांव-नागझिरा टाईगर रिजर्व में वन्यजीव की सैर के लिए पर्यटक बड़ी मात्रा में यहां आते। जंगलों में घिरे यहां के बड़े बड़े विशालकाय जलाशय, वैनगंगा नदी घाट, बाघ नदी घाट, आदिवासी समुदाय की प्राचीन कचारगड की गुफाएं, विशालकाय कुदरती हाजराफाल झरना देखने पर्यटक आते है।इन दिनों बारिश का मौसम शुरू होने पर पर्यटकों पर सुरक्षा की दृष्टि जरूरी है। जिले में सैर सपाटा करने के दौरान कोई भी अप्रिय घटना होने से रोकना शासन की जिम्मेदारी है। इस हेतु पुणे के लोनावला जैसी घटना यहां न घटे इसके लिए जिलाधिकारी प्रजीत नायर ने पर्यटकों को सचेत करते हुए इन सभी जलाशयों, नदी नालों, तालाबों, झरनों से 200 मीटर की दूरी बनाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी के आदेश के तहत इस आदेश का अमल 6 जुलाई से आगामी 30 सितंबर तक लागू रहेगा। बारिश के कारण तेज बहते पानी में उतरना, गहरे पानी में चले जाना और उसमें तैरना। झरने के पास जाना और उसकी पानी की धारा के नीचे बैठना। बारिश के खतरनाक स्थानों, झरनों, खड्डों, खतरनाक मोड़ों आदि पर सेल्फी लेना और किसी भी प्रकार का फिल्मांकन करना। नशे की हालत में शराब पीकर प्राकृतिक वर्षा के परिसर में प्रवेश करना, शराब रखना, शराब का परिवहन करना, शराब की अनधिकृत बिक्री करना और खुले में शराब का सेवन करना। यातायात वाली सड़कों और खतरनाक स्थानों पर वाहनों को रोकना। तेज़ गति से गाड़ी चलाना और इस तरह से गाड़ी चलाना जिससे यातायात प्रभावित हो। वाहनों के परिवहन के दौरान लापरवाही से वाहन चलाना और खतरनाक तरीके से अन्य वाहनों को ओवरटेक करना, खाद्य अपशिष्ट, कांच और प्लास्टिक की बोतलें, थर्माकोल और प्लास्टिक सामग्री को सार्वजनिक स्थानों पर खुले में फेंकना। सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं को परेशान करना, उनका मजाक उड़ाना, महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करना, भद्दे भद्दे इशारे करना, गपशप करना या किसी ऐसे व्यवहार में शामिल होना जिससे शर्मिंदगी हो। सार्वजनिक स्थानों पर तेज आवाज में म्यूजिक सिस्टम बजाना, डीजे बजाना। प्लेइंग सिस्टम, कार स्पीकर/वूफर और इससे ध्वनि प्रदूषण करना। ऐसी कोई भी गतिविधि करना जिसके परिणामस्वरूप ध्वनि, वायु और जल प्रदूषण होता है। सभी दोपहिया, चार पहिया और छह पहिया वाहनों को झरने के 200 मीटर के भीतर (आपातकालीन वाहनों को छोड़कर) प्रवेश करने पर प्रतिबंध है। आदेश का पालन न करने, उल्लंघन करने पर संगठन या समूह आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 163 के साथ-साथ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत दंड के लिए उत्तरदायी होगा। अपराध घटित माना जायेगा और नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

# औद्योगिक विकास के लिए उत्पादन और निर्यात विविधिकरण की आवश्यकता निवासी उपजिलाधिकारी बनकर का कथन



**गोंदिया**-जिले में धान फसल का उत्पादन एवं निर्यात बड़े पैमाने पर होता है। लेकिन जिले के औद्योगिक विकास के लिए वनोत्पादन, पर्यावरणपूरक जैविक खेती व पर्यटन जैसे क्षेत्रों पर जोर देने की जरूरत है। यह विचार निवासी उपजिलाधिकारी विजया बनकर ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि शासन उद्योजकों को आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। जिलाधिकारी कार्यालय के जिला नियोजन समिति सभागृह में 9 जुलाई को उद्योजकों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस समय वे कार्यक्रम के उद्घाटक के रूप में बोल रहीं थी। कार्यक्रम में उद्योग उपसंचालक बी.एम. शिवणकर व जिला उद्योग केंद्र के महाव्यवस्थापक सारंग पटले प्रमुखता से उपस्थित थे। गोंदिया जिले के उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए शासन की ओर से राज्य के लिए महत्वपूर्ण योगदान देनेवाले एमएसएमई क्षेत्र पर जोर देकर उसकी कार्यक्षमता व उत्पादकता बढ़ाने, राज्य में उद्योजकीय वातावरण अधिक व्यापक कर रोजगार एवं स्वयंरोजगार के अवसर निर्माण करने, एक जिला एक उत्पादन उपक्रम एवं निर्यात वृद्धि को गति देने के साथ उद्योगों के विकास के लिए राज्य के साथ ही केंद्र शासन केविविध विभाग उनके उपक्रम व योजना चला रहे हैं। उन सभी योजनाओं की जानकारी उद्योजकों को एक ही छत के नीचे उपलब्ध होने की दृष्टि से 9 जुलाई 2024 को IGNITE MAHARASHTRA-2024 कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी कार्यालय गोंदिया में किया गया। इस समय मैत्री के नोडल अधिकारी सागर औटी ने मैत्री कानून एवं पोर्टल के विषय पर जानकारी दी। डीजीएफटी की ओर सेजिले के उत्पादन के निर्यात क्षमता बढ़ाने पर मार्गदर्शन किया गया। सीआईडीबीआई की व्यवस्थापक बोदेले, आईडीबीआई के निर्वाणेश्वर, सीएफटीआरआई संस्था के दयाल कुमार आहुजा, मनीष तिवारी, न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के अमृतकर, गोमती, धीरज कुमार, मुख्य डाकघर गोंदिया के सहा. अधीक्षक आशीष बंसोड़ ने भी जानकारियां दी। प्रस्तावना उद्योग उपसंचालक बी.एम. शिवणकर ने तथा आभार जिला उद्योग केंद्र के महाव्यवस्थापक सारंग पटले ने माना।

# नहर रोड पर कबाड़ी वाले का अतिक्रमण महिलाओं ने किया विरोध

## » आंदोलन की दी चेतावनी



**आमगांव** -नगर परिषद अंतर्गत नहर रोड माल्ही में कबाड़ी मालिक द्वारा किए गए अतिक्रमण को लेकर महिलाओं ने आंदोलन छेड़ दिया है. आमगांव नगर 5 परिषद की सीमा के भीतर बाघ सिंचाई आमगांव शाखा में माल्ही नहर, हनुमान मंदिर के सामने एक कबाड़ी की दूकान स्थापित की गई है. उक्त नहर किसानों के - खेतों में पानी पहुंचाने का काम करती है, अतिक्रमण की स्थिति में किसानों के खेतों ष्ट्व तक पानी नहीं पहुंच पाएगा और कबाड़ी दूकान के कारण आवागमन बाधित हो ष्ट्व सकता है. इसलिए वे सरकारी संपत्ति पर अतिक्रमण न करें, इसके लिए महिला पुरुषों ने आंदोलन की चेतावनी दी है. अतिक्रमण की सूचना बाघ सिंचाई विभाग के उपविभागीय अधिकारी मनीषा कठाणे, शाखा अभियंता स्वाति बहेकार को दी गई है. उन्होंने मौके पर जाकर तत्काल अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए है. इस अवसर पर अरुणा गोंडाने, अनिता कटरे, रेखा दमाहे, हेमलता बिसेन, रजनी शेंडे, प्रभा उपराडे, किशोर दोनोडे, सरिता नवगोड़े, रेखा कटरे, माया सोनवाने, कमल हरिनखेड़े, मीनाक्षी बाघेले, कविता हट्टीमारे, उषा टेंभरे, नीता पाटले, पद्मा कुराहे, अंकिता मोहनकर, सीमा बागड़े, गायत्री गराडे, लक्ष्मी वराडे, मोटघरे, चंद्रकांत टेंभरे, शारदा सोनवाने, रेखा भंडारकर, सुशीला कुम्हार, सुनंदा निखारे आदि उपस्थित थे।

# 2.5 लाख रु. का मंगलसूत्र बरामद

**गोंदिया**-ट्रेन क्र.18238 अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के बी-02 कोच में भोपाल से दुर्ग तक अपने परिवार के साथ यात्रा कर रहे दीपक श्रीवास्तव ने रेल मदद एप में 2.5 लाख रु. कीमत का मंगलसूत्र गुम होने की सूचना दी. रेलवे प्रशासन द्वारा इसकी सूचना ऑनबोर्ड सीटीआई रजत सरकार को दी गई. इस दौरान ट्रेन भिलाई पावर स्टेशन पार कर रही थी. इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सीटीआई रजत सरकार ने कोच में जाकर जांच की तथा नहीं मिलने पर उन्होंने अटेंडरों को बुलाकर खोजने और नहीं मिलने पर रायपुर स्टेशन में आरपीएफ बुलाकर चेक करवाने की बात कही.

कुछ देर पश्चात उसमें यात्रा कर रही एक महिला यात्री ने मंगलसूत्र को सामान नीचे गिरने की बात बताकर उसे सीटीआई को वापस किया. सीटीआई के कहने पर महिला यात्री द्वारा रायपुर स्टेशन पहुंचने के बाद आरपीएफ को मंगलसूत्र सौंपा गया.

# सालेकसा का स्वागत बोर्ड बन गया बदहाल नगर पंचायत की अनदेखी




सालेकसा-सालेकसा के प्रवेश द्वार पर लाखों रु. खर्च कर स्वागत बोर्ड लगाया गया था. लेकिन इस बोर्ड के आधे । अक्षर बंद हैं और केवल वेलकम सेल अक्षर ही चालू हैं. जिससे सालेकसा के नागरिकों की प्रतिक्रिया है कि इस बोर्ड को यहां लगाने की बजाय हटाया जाना चाहिए. गांव की खूबसूरती बढ़े, यहां प्रवेश करने वाले नागरिकों के स्वागत के लिए तत्कालीन नगर पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र उइके के कार्यकाल में लाखों रु. खर्च कर गांव के मुख्य प्रवेश द्वार गढ़माता बायपास रोड़ के किनारे और आईटीआई के पास सड़क पर यह स्वागत बोर्ड लगाए गए थे. लेकिन फिलहाल ये आधे चालु है. नगर पंचायत प्रशासन भी इसे नजरअंदाज कर रहा है. इसलिए बाहर से आने वालों का ध्यान इस बोर्ड की ओर जाता है. बंद पड़े अक्षर तो हैं लेकिन लाइट भी बंद कर दी गई है और आज तक नगर पंचायत कर्मचारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है. नगर पंचायत को इस बोर्ड में संशोधन की जरूरत थी, लेकिन नगर पंचायत में प्रशासक राज चल रहा है, इसलिए कर्मचारी व अधिकारी मनमर्जी से काम कर रहे हैं और उन्हें जनता से कोई लेना-देना नहीं है.

# शिक्षकों के लिए छात्रों की आंखों से निकले आंसू शिक्षक की मांग को लेकर छात्र सड़क पर



**देवरी** -जिले के जिला परिषद स्कूलों के 626 शिक्षकों को स्थानांतरित कर दिया गया है. छात्रों पर कितना बुरा असर पड़ा है इसकी तस्वीर देवरी शहर के जिला परिषद स्कूल के छात्रों की आंखों से बहते आंसुओं से देखी जा सकती है. जिला परिषद हाईस्कूल व जूनियर कॉलेज देवरी के तीन शिक्षकों के तबादले को लेकर छात्रों ने स्कूल के सामने विरोध प्रदर्शन कर तीनों शिक्षकों को बहाल करने की मांग की है. गुस्साए छात्रों 8 जुलाई को स्कूल के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और कहा कि हम अपने तीन शिक्षकों को वापस चाहते हैं. छात्रों ने शिक्षक उपलब्ध नहीं होने तक विद्यालय में नहीं बैठने का निर्णय लिया है. शैक्षणिक सत्र 2024-2025 शुरू हुए एक सप्ताह बीत चुका है. शिक्षकों के अचानक तबादले के कारण कई स्कूलों में नये शिक्षकों ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है. ऐसी ही स्थिति देवरी शहर के जिप हाईस्कूल व जूनियर कॉलेज स्कूल की हुई.

### अपनी मांग पर अड़े विद्यार्थी

वहां छात्रों को पढ़ाने वाले तीन शिक्षकों का तबादला कर दिया गया. एक बार फिर छात्रों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए मांग पर अड़ गए कि हमारे शिक्षकों को हमें वापस लौटाया जाए. छात्रों ने यह रुख अख्तियार कर लिया है कि जब तक तीनों शिक्षक विद्यालय नहीं आएंगे, तब तक छात्र विद्यालय में नहीं बैठेंगे.

# घर में घुसे भालू को किया गया कैद

## 3 घंटे के रेस्क्यू के बाद वन विभाग को मिली सफलता



**गोंदिया**-गोरेगांव तहसील के ग्राम तुमसर में प्रेमलाल धमगाये के घर में 7 जुलाई को दोपहर करीब 2 बजे एक भालू घुस गया और गांव में हडकंप मच गया. घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची, वहीं भालू को देखने के लिए क्षेत्र के नागरिकों सहित ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी. दोपहर 2.30 बजे तक हुए रेस्क्यू के बाद वनविभाग को सफलता मिली. गोरेगांव तहसील के ग्राम तुमसर में प्रेमलाल धमगाये के घर के पास एक नया घर निर्माणाधीन है. दोपहर करीब 2 बजे घर के पिछवाड़े में भालू नजर आया. नागरिक प्रेमलाल धमगाये के घर पहुंचे. नागरिकों की बढ़ती भीड़ से घबराकर भालू एक निर्माणाधीन मकान में घुस गया और बैठ गया. घटना की सूचना वन विभाग को दी गई. वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे, वहीं दूसरी ओर नागरिकों की भीड़ भी बढ़ती गई. नागरिकों की भीड़ के कारण बचाव दल को काफी मशक्कत करनी पड़ी. करीब 3 घंटे के बाद भालू को सुरक्षित कैद किया गया.

# पड़ोसी के हत्यारे शुभम डोंगरे को आजीवन कारावास व 5 हजार के जुर्माने की सजा



**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम खतिया निवासी आरोपी शुभम उर्फ़ बालू संतोष डोंगरे द्वारा अपने पड़ोसी की हत्या करने के आरोप में दोषी करार देते हुए जिला व सत्र न्यायाधीश खोसे द्वारा आजीवन कारावास व 5हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गोंदिया तहसील के रावणवाड़ी पुलिस थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम खतिया निवासी आरोपी शुभम उर्फ़ बालू संतोष डोंगरे का 3 मार्च 2021 को जन्मदिन था। इस अवसर पर घर पर एक पार्टी का आयोजन किया गया था इसी दौरान एक मित्र द्वारा मृतक सुनील डोंगरे के आंगन में उल्टी कर दी जिस पर मृतक द्वारा उसे उल्टी करने पर फटकार गया था। इससे आक्रोशित होकर आरोपी द्वारा उसे ऐसा बोलने वाला तू कौन होता है कहते हुए रात 09.15 बजे जे दौरान धारदार चाकू से पेट, छाती पर वार कर हत्या कर दी। उपरोक्त मामले में फरियादी मृतक की पत्नी की शिकायत पर रावणवाड़ी पुलिस थाने में आरोपी के खिलाफ भाद वी की धारा 302 के तहत मामला दर्ज कर मामले की जांच जांच अधिकारी तत्कालीन पुलिस निरीक्षक उमेश पाटील व पुलिस हवलदार संजय चौहान द्वारा कर इस घटना में सभी सबूतों को जमा कर न्यायलय में मामला पेश किया।

जिला व सत्र न्यायाधीश खोसे ने सबूतों वह गवाह के आधार पर आरोपी को भादवि की धारा 302 के तहत हत्या का आरोपी दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास वह 5हजार रूपए जुर्माने की सजा सुनाई। उपरोक्त मामले में पीड़ित व सरकार की ओर से सहायक संचालक व सरकारी अभियोक्ता सतीश यू घोड़े ने न्यायालय में पक्ष रखा साथ ही पुलिस अधीक्षक गोंदिया निखिल पिंगले, अपर पुलिस अधीक्षक नित्यानंद झा ,उपविभागीय पुलिस अधिकारी रोहिणी बनकर के मार्गदर्शन में रावणवाड़ी के पुलिस निरीक्षक पुरुषोत्तम अहेरकर के दिशा निर्देश अनुसार पुलिस सिपाही यादव राव कुर्वे द्वारा न्यायालीन कार्य में सहयोग दिया।

# महाप्रभु जगन्नाथ स्वामी रथयात्रा को खींचा हजारों श्रद्धालुओं ने मार्गो पर जगह-जगह नागरिकों ने किया पुजन बोल हरी बोल हरी जय जगन्नाथ के जय घोष से गूंज उठा शहर







**बुलंद गोंदिया।** स्वामी भगवान महाप्रभु श्री जगन्नाथ स्वामी रथ यात्रा प्रतिवर्ष अनुसार आषाढ़ मास की द्वितीया तिथि को आयोजित की गई। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने जगन्नाथ स्वामी के रथ को खींचा व मार्गो पर हजारों श्रद्धालुओं ने पूजन कर दर्शन किये तथा संपूर्ण शहर हरी बोल हरी बोल व जय जगन्नाथ के जय घोष से गूंज उठा।

हिंदू पंचांग के अनुसार प्रतिवर्ष आषाढ़ मास की द्वितीया तिथि को भगवान श्री जगन्नाथ अपने भाई बलराम बहन सुभद्रा के साथ शहर का भ्रमण करते हुए अपनी मौसी के घर जाते हैं। इसी प्रतीक के रूप में प्रति वर्ष भव्य रथ यात्रा का आयोजन किया जाता है इस वर्ष रविवार 7 जुलाई को गोंदिया शहर में रथ यात्रा का आयोजन गौशाला वार्ड स्थित महाप्रभु श्री जगन्नाथ मंदिर से किया गया। जिसका आयोजन न्यू उत्कल घसीया समाज महा महाप्रभु श्री जगन्नाथ मंदिर सेवा संस्था द्वारा आयोजित किया गया था। जिसमें सर्वप्रथम प्रात: 5.00 बजे काकड़ आरती, प्रात: 11.35 पर अन्न प्रसाद, दोपहर 12.35 पर मध्य धूप आरती व दोपहर 2:00 बजे रथ पूजा वह राजन पूजा के पश्चात रथ यात्रा का शुभारंभ किया गया।

### पारंपरिक वाद्य यंत्र रहे आकर्षण का केंद्र

महाप्रभु श्री जगन्नाथ रथ यात्रा में इस वर्ष उड़ीसा से आमंत्रित किए गए हरि कीर्तन मंडली, जूनागढ़ का घुगरा बाजा। ढोल ताशे वह बैंड बाजे सहित विभिन्न पारंपरिक आकर्षक झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। रथ यात्रा को सफल बनाने के लिए सेवा संस्था के अध्यक्ष ईकलेश नायक व समिति के सभी पदाधिकारी द्वारा अथक प्रयास किया गया।

## राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचायें-राजेन्द्र जैन



**बुलंद गोंदिया।** सांसद प्रफुल्ल पटेल के नेतृत्व में क्षेत्र में अनेक विकास कार्य किये गये हैं। सरकार के माध्यम से किसानों के धान का बोनस, लाडली बहन योजना, लड़कियों को उच्च शिक्षा में नि:शुल्क शिक्षा, एसटी बसों में 50 प्रतिशत की छूट जैसे महिलाओं के हित में अनेक कार्य किये गये हैं। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजेंद्र जैन ने कहा कि महायुति सरकार की ओर से चलाये गये कई जनकल्याणकारी कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का काम पार्टी कार्यकर्ता करें। राष्ट्वादी कांग्रेस पार्टी के काटी जिला परिषद क्षेत्र के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक कबीर आश्रम काटी में पूर्व विधायक राजेंद्र जैन, कुन्दन कटारे, गणेश बर्डे, केतन तुरकर, अखिलेश सेठ की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। जैन ने आगे कहा कि सभी को आगामी विधानसभा चुनाव में महायुति के उम्मीदवार के साथ मजबूती से खड़े होने का प्रयास करना चाहिए और महायुति के उम्मीदवार को निर्वाचित कराना चाहिए. इसके लिए उन्होंने एनसीपी पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से युवाओं और महिलाओं को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए सक्रियता से काम करने और हर बूथ पर एनसीपी पार्टी की एक कमेटी बनाने की अपील की। इस अवसर पर राजेंद्र जैन, कुन्दन कटारे, गणेश बर्डे, केतन तुरकर, अखिलेश सेठ, रजनी गौतम, माणिक पड़वार, राजेश जमरे, सुनील पटले, शैलेश वासनिक, सतीश कोल्हे, अनिल बावनकर, प्रकाश बरैया, आरजू मेश्राम, चंद्रकुमार चौहान, प्रकाश नेवारे, विश्वनाथ चौधरी, प्रेमलाल बरैया, नूतनलाल बिजेवार, नंदकिशोर हरिनखेड़े, मकसूद कुरेशी, इंदल चौहान, छन्नूलाल तुरकर, मतीन कुरेशी, सोमाजी नेवारे, नंदकिशोर कावरे, भुवन हलमारे, लोकेश जगने, महेश नेवारे, देवेन्द्र पाटले, प्रकाश तिजारे, किशोर पारधी, किशोर माने, निकुंज तिवारी, सनत पाचे, जयराम भोयर, देवेन्द्र धार्मिक, जीतेन्द्र धार्मिक, लोकेश बावनकर, अतीतकुमार तुरकर, दिनेश चौधरी, संभु असाटी, राकेश ठाकरे, अमोल टेकाम, संतोष ठाकरे, राजेश भाटपिरे, संतोष पाचे, सदाशिव नागेश्वर। यीशु कावरे, सेवक पंजारे, दिनेश पाचे, धर्मेन्द्र परिमल, राजू तुरकर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लाठी से मारकर किया घायल

**गोंदिया** -अर्जुनी मोरगांव थाने के तहत जानवा निवासी फिर्यादी नरेंद्र आकोजी रामटेके (48) अपने घर पर था. इसी बीच आगे के पानटपरी पर बैठे आरोपी संतोष भिवाजी बहेकार (48) ने फिर्यादी को मुझे कुछ बोला ऐसा कहते हुए लाठी से मारकर घायल कर दिया. फिर्यादी की शिकायत पर अर्जुनी मोरगांव पुलिस ने मामला दर्ज किया है. जांच सहायक फौजदार शेंडे कर रहे हैं.

## 9 करोड़ 50 लाख की निधि सेआदिवासी क्षेत्रों के मार्ग बनेंगे दर्जेदार, सांसद प्रफुल्ल पटेल का सफल प्रयास




**बुलंद गोंदिया।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद प्रफुल्ल पटेल जिले के आदिवासी क्षेत्र के विकास के लिए कटिबद्धता से कार्य कर रहे है। पूर्व विधायक राजेंद्र जैन ने आदिवासी क्षेत्रों के प्रस्तावित विकास कार्यो हेतु सांसद पटेल का ध्यान केंद्रित कर निधि उपलब्ध कराने की मांग की थी, जिसपर सांसद पटेल ने बजट सत्र में, वित्त मंत्रालय और आदिवासी विकास मंत्रालय के साथ अनुवर्ती कार्रवाई की और विकास कार्यों को मंजूरी प्रदान करने का प्रयास किया। सांसद प्रफुल्ल पटेल के इस प्रयास के तहत सरकार ने 9 करोड़ 50 लाख का फंड मंजूर किया है. इस निधि से जिले के आदिवासी क्षेत्र सड़क अर्जुनी, अर्जुनी मोरगांव और सालेकसा में सड़क सुधार कार्य किये जायेंगे। प्रफुल्ल पटेल निरंतर गोंदिया जिले के आदिवासी क्षेत्रों में विकास कार्यों पर जोर देने, क्षेत्र के नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं और संचार सुविधाएं प्रदान करने पर जोर देते आये हैं इस संबंध में पूर्व विधायक राजेंद्र जैन ने यह मामला प्रफुल्ल पटेल के ध्यान में लाया था। उन्होंने यह भी अनुरोध किया था कि प्रस्तावित विकास कार्यों के लिए शासन स्तर से धनराशि उपलब्ध करायी जाय। प्रफुल्ल पटेल ने आदिवासी क्षेत्रों के विकास पर जोर देते हुए सरकारी स्तर पर अनुवर्ती कार्रवाई शुरू कर बजट सत्र में, राज्य के वित्त मंत्रालय और आदिवासी विकास मंत्रालय से निधि की मांग की थी। इस बीच मंत्रालय स्तर पर किया गया फॉलोअप सफल रहा और सरकार ने जिले के आदिवासी बहुल सड़क अर्जुनी, अर्जुनी मोरगांव और सालेकसा इलाकों में सड़क विकास कार्यों के लिए 9.50 करोड़ की निधि को मंजूरी प्रदान की। इस निधि से सड़क उन्नयन कार्य किए जाएंगे और क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी, विशेषकर अर्जुनी मोरगांव और सड़क अर्जुनी दो तालुकों में लगभग 29 विकास कार्य किए जाएंगे। निधि मंजूर होने पर पूर्व विधायक राजेंद्र जैन ने कहा कि विकास कार्यों से आदिवासी क्षेत्रों में नागरिकों को संचार समस्याओं से राहत मिलेगी. इन मार्गो समावेश मंजूर निधि अंतर्गत किये जाने वाले विकास कार्यो में अर्जुनी मोरगाव तहसील के अरततोंडी-कोरंभी, प्रतापगड-खोकरी, बोंडगाव-गांधारी, कढोली-बोंडगाव, रामनगर-संजयनगर, पांढरवाणी माल - झोडेटोली, गोठणगाव -आश्रमशाळा, झाशीनगर जोडमार्ग, प्रतापगड-खोकरी, बोंडगाव-गांधारी, कढोली-बोंडगाव, रामनगर-संजयनगर, पांढरवाणी माल -झोडेटोली कार्यो का समावेश। सडक अर्जुनी तहसील में बेहळीटोला जोड रस्ता, माहुली-बिर्री, धानोरी-चिचटोला, धानोरी-लेंडेझरी, टेकरीपार जोड रस्ता, कोकणा-परसोडी, रेंगेपार-मोकाशिटोला, खोबा-गोंविदखोबा, कोकणा बायपास मार्ग, रामकनेरी-कोकणा, पाथरगोठा-कन्हारटोला, आंभोरा-परसटोला, केळवद-गवर्राटोला, केळवद-गवर्राटोला, केळवद-गवर्राटोला तसेच सालेकसा तहसील के कारूटोला-चिचटोला व रामाटोला-कुलभरट्टी इन मार्गो के निर्माण का समावेश है।

## रक्तदान से बड़ा दूसरा दान नहीं : अक्षय वरसे, 43 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**आमगांव**-द रॉयल फिटनेस जीम के वर्षगांठ पर रक्तदान शिविर और मुफ्त उपचार शिविर का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में पुलिस निरीक्षक वरसे, उपनिरीक्षक चौहान, बजरंग दल जिला गौरक्षा प्रमुख बालाराम व्यास, नरेंद्र बाजपेई, राकेश शेंडे, यशवंत मानकर, नवल व्यास, द रॉयल फिटनेस जीम के संचालक प्रमोद व्यास, गगन अग्रवाल, शासकीय गंगाबाई रक्त पेठी के डा. भूषण कलंत्री, डा. निखिल पिंगले, डा. आकाश दुबे उपस्थित थे. आयोजित शिविर में भगवान बजरंग बली के छायाचित्र पर माल्यार्पण, पूजन कर अथितियों के द्वारा रक्तदान शिविर प्रारंभ किया गया. इस अवसर पर पुलिस निरीक्षक अक्षय वरसे ने रक्तदान जीवन का सबसे अमूल्य दान है कहते हुए हर युवायों ने रक्तदान कर मानव सेवा के लिए अग्रेसर रहना चाहिए, उन्होंने कहा कि देश का सही प्रतिनिधित्व ही युवाओं के बल पर निर्भर है. आयोजित शिविर में 43 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया. अनेक नागरिकों ने मुफ्त उपचार का लाभ लिया. संचालन बालाराम व्यास ने किया व आभार प्रमोद व्यास ने माना. सफलतार्थ हरी व्यास, शुभम कोठारी, विवेक कोठारी, गौरव दुबे, प्रवीण दुबे, प्रणीत देशमुख, अभिषेक डोंगरे, केशव खेतगरे, चिंटू कोरे ने प्रयास किया.




## विभिन्न स्थानों पर जनजागृति कार्यक्रम

**गोंदिया**-महिला व बाल विकास विभाग के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा पुरस्कृत मिशन शक्ति के तहत महिला सक्षमीकरण केंद्र (हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन) यह सखी वन स्टॉप सेंटर गोंदिया में अस्थायी रूप से संचालित किया गया है और उक्त कार्यालय के माध्यम से 100 दिवसीय जनजागृति अभियान अंतर्गत 1 से 5 जुलाई की कालावधि में पहला चरण पूरा करते हुए वन स्टॉप सेंटर द्वारा विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों, ग्राम पंचायतों, अस्पतालों ऐसे विभिन्न स्थानों पर अभियान संचालित कर लोगों तक वन स्टॉप सेंटर योजना जिसमें संकटग्रस्त महिलाओं और लड़कियों को मुफ्त परामर्श, कानूनी सहायता, पुलिस सहायता, चिकित्सा सेवाएं और अस्थायी आश्रय प्रदान करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है. वहीं महिला हेल्प लाइन 181 के संबंध में कार्यालय स्टाफ सेंटर प्रशासक समीना खान, समुपदेशक मधु बिसेन, कानूनी सलाहकार एड. सचिन राऊतकर, केस वर्कर वैशाली सांगोडे और लीना बुराडे, काजोल करवाडे ने जानकारी दी.

## शहरवासियो के पेयजल की समस्या होगी जल्द दूर, विधायक विनोद अग्रवाल प्रयत्नों से 237.29 करोड़ की जीवनदायी योजना को मंजूरी आधुनिक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट मिलेगा 24 घंटे पानी 5 नई टंकीयो का होगा निर्माण

**बुलंद गोंदिया।** विधायक विनोद अग्रवाल के प्रयत्नों से गोंदिया शहर में पीने के पानी की योजना हेतु 237.29 करोड़ की जीवनदायी योजना को मंजूरी प्राप्त हुई है जिससे जल्द ही गोंदिया शहर में पीने के पानी की समस्या जल्द दूर होगी और शहरवासियों को 24 घंटे बिना खंडित होकर पानी मिलेगा. शहर में 5 नई पानी टंकी का निर्माण होगा जिसमे आधुनिक तरीके का नया वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जायेगा। गोंदिया शहर में के अनेक जगहों पर अनेक बार पीने के पानी की समस्या निर्माण होती थी.पाइपलाइन के समस्या को चलते शहरवासियों को समय पर पीने का पानी उपलब्ध नही हो पाता लेकिन शहर में इस योजना के तहत गाँधी वार्ड, गौतम नगर, कुंभारे नगर, श्रीनगर, सूर्याटोला, रामनगर, टीबी टोली जैसे शहर के अनेक जगहों पर पानी की टंकी निर्माण कार्य और योजना कार्यान्वयन होने से शहरवासियों को पानी की समस्या निर्माण नही होगी और छुटकारा मिलेगा. मानव जीवन में पानी का होना बहुत आवश्यक है जिसके लिए विधायक विनोद अग्रवाल ने पानी की समस्याओ से शहरवासियो को छुटकारा दिलाने के लिए यह योजना को स्वीकृती दिलाने के लिए प्रयास किये थे। जिसमे उनके प्रयास सफल



रहे.योजना के तहत गोंदिया शहर में56 लाख लीटर की अतिरिक्त जलापूर्ति गोंदिया शहरवासियों को दी जाएगी। विधायक विनोद अग्रवाल ने अपने कार्यकाल में ऐसे अनेक समस्याओ से और पानी की सस्म्याओ से नागरिको को छुटकारा दिलाने का प्रयास किया है और वह कहते है की हर समाज हर घटक का और समाज के अंतिम व्यक्ती तक उनका कार्य पहुंचना चाहिए और हम यह नही कह सकते की 100 प्रतिशत विकास हो चूका है विकास की परिभाषा अर्थात युवाओ के लिए कार्य करना, महिलाओ के लिए कार्य करना, वृद्ध अवस्था के बुजुर्गो के लिए, किसानो के लिए ऐसे अनेक क्षेत्र में विधायक विनोद अग्रवाल ने कार्य कर अपना समाज के लिए योगदान दिया है और विधायक की पारस्परिकता जनता के बीच दूरदृष्टी और जनता के हर सुख दु:ख में साथ होने के लिए विधायक विनोद अग्रवाल ने अपनी भूमिका निभाई है।

## गोंदिया रेलवे स्टेशन पर शुरू होगा कोच रेस्टोरेंट सांसद प्रफुल्ल पटेल के सफल प्रयास



**बुलंद गोंदिया।** दक्षिण-पूर्व-मध्य रेलवे के यात्रियों सहित रेलवे क्षेत्र के नागरिकों को स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद मिल सके, इसके लिए प्रफुल्ल पटेल ने एक रेस्टोरेंट शुरू करने के लिए रेलवे प्रशासन से संपर्क किया था. इस बीच दक्षिण-पूर्व रेलवे मंडल के इतवारी, गोंदिया और छिंदवाड़ा रेलवे स्टेशनों पर रेलवे कोच रेस्टोरेंट शुरू करने की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है. इस संबंध में रेलवे प्रशासन की ओर से टेंडर की घोषणा कर दी गयी है। रेल यात्रियों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने और रेल यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए रेलवे प्रशासन रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण पर विशेष ध्यान दे रहा है। पूर्व विधायक राजेंद्र जैन ने कहा कि गोंदिया स्टेशन पर यात्रा करने वाले यात्रियों और आम नागरिकों को रेस्टोरेंट सहित अन्य सुविधाएं मिलनी चाहिए। इसे प्रफुल्ल पटेल के संज्ञान में लाया गया। इसके मुताबिक गोंदिया रेलवे स्टेशन का कायापलट किया जाएगा और कोच रेस्टोरेंट का निर्माण किया जाएगा. वहीं, आम यात्रियों की परेशानी को दूर करने के लिए स्लीपर और जनरल कोच की संख्या बढ़ाने का भी निर्देश दिया गया है। इसके मुताबिक जनरल और वातानुकूलित कोच तैयार किए जा रहे हैं। इसके अलावा, रेलवे यात्रा को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए, प्रफुल्ल पटेल ने दक्षिण-पूर्व-मध्य रेलवे क्षेत्र में आने वाले रेलवे स्टेशनों पर सुविधाएं बढ़ाने के लिए रेल मंत्रालय से बात की। तदनुसार, रेलवे प्रशासन ने तीन रेलवे स्टेशनों इतवारी, गोंदिया और छिदवाड़ा में रेलवे कोच रेस्तरां शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके अनुसार निविदा भी प्रकाशित कर दी गयी है. इससे रेल यात्रियों के साथ-साथ क्षेत्रवासियों को भी रेलवे प्लेटफार्म पर स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध होगा. रेलवे प्रशासन की ओर से संबंधित स्टेशन पर रेलवे कोच रेस्टोरेंट के लिए जगह की योजना बना ली गई है।

## विकास एकता पैनल को मिली प्रचंड जीत सभी 15 संचालक निर्वाचित गोंदिया जिला मजदूर सहकारी संस्था संचालक मंडल चुनाव



**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया जिला मजुर सहकारी संस्था संघ मर्यादित के 2024 -29 कालाझवधि के लिए संचालक मंडल का चुनाव 5 जुलाई शुक्रवार को आयोजित किया गया था। जिसमें विकास एकता पैनल दूसरी को बार सफलता मिली वह प्रचंड जीत के साथ सभी 15 संचालक निर्वाचित हुए। गौरतलब है की गोंदिया जिला मजदूर सहकारी संस्था के आगामी वर्ष 2024-29 के काला वधि के लिए संचालक मंडल के चुनाव में चार सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हो चुके थे। तथा 11 सदस्यों के लिए 5 जुलाई शुक्रवार को ग्रीनलैंड लान में चुनाव निर्वाचन अधिकारी जिला उपनिबंधक मुकुंद पवार के नेतृत्व में संपन्न हुए जिसमें 69 मतदाताओं में से सभी 69 मतदाताओं ने शत प्रतिशत मतदान किया। एकता पैनल ने चुनाव पूर्व अध्यक्ष सचिन मिश्रा के नेतृत्व में लड़ा था जिसमें सर्वसाधारंण गट से सचिन मिश्रा वह फुंडे राजकुमार रामभाऊ को सर्वाधिक 63-63 मत प्राप्त हुए, बहेकार सचिन भारतभाऊ को 62, आकांत सतीश चंद्रशेखर को 59मत, दीपक कृष्णराव कदम को 54,गोपालानी रतन कुमार पोहुमल को 58 मत, दुबे अरुण कुमार शिवकुमार 56, पालनदुरकर सुनील गजानन 59 मत, मसकरे नरहर प्रसाद कमलाप्रसाद 53, हारोड़े उमाशंकर पांडुरंग 57 मत प्राप्त हुए इसके साथ ही ओबीसी गट से चांदेवार भैयालाल को 43 मत प्राप्त हुए तथा यह सभी उम्मीदवार विजय घोषित किए गए। इसके पूर्व महिला गट से कलावती जायसवाल सुनीता भेलावे एनटी गट से सुनील गढ़पल्लीवार वह एससी गट से राहुल चंद्रिकापुरे निर्विरोध निर्वाचित हुए थे। एकता पेनल के सभी 15 संचालक निर्वाचित हुए जिससे गोंदिया जिला मजदूर सहकारी संस्था में दूसरी बार एकता पैनल ने अपनी विजई बढ़त बनाते हुए सत्ता पर कब्जा किया। चुनावी परिणाम घोषित होने पर शुभचिंतको, इष्ट मित्रों द्वारा निर्वाचित संचालको को पुष्पमाला पहनकर उन्हें शुभकामनाएं दी साथ ही आतिशबाजी कर मिठाई बाटी गई। चुनावी कार्य का संचालन चुनाव निर्वाचन अधिकारी जिला उप निबंधक मुकुंद पवार, सहायक चुनाव अधिकारी सिद्धार्थ गणवीर, केंद्र अध्यक्ष अनीता खाड़े, मतदार अधिकारी माधुरी मंदुरकर वह अन्य सहयोगियों में अमोल भंडारकर, रमाशंकर पांडे द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न करवाया तथा मतदान सुबह 8:00 से 4:00 बजे तक के किया गया तथा मतगणना शाम 4.00 बजे कर 4.30 बजे परिणाम घोषित किए गए।

## लाडली बहन योजना को लेकर बैठक आयोजित



**आमगांव** -पंचायत समिति आमगांव द्वारा मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना की समीक्षा बैठक आयोजित हुई. जिसमें मनरेगा, घरकुल, एसबीएम, स्वास्थ, जल जीवन मिशन आदि योजना के विषय रखे गए और इन सब विषयों पर चर्चा की गई.

इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिप अध्यक्ष पंकज रहांगडाले, उपाध्यक्ष यशवंत गणवीर, महिला बाल कल्याण सभापति सविता पुराम, पंस सभापति राजेंद्र गौतम, उपसभापति नोहरलाल चौधरी, जिप सदस्य सुरेश हर्षे, हनुमंत वट्टी, छबू ऊके, किशोर महारवाड़े, पंस आमगांव के सदस्य व अधिकारी, कर्मचारी, सरपंच, ग्रामसेवक, आंगनवाड़ी सेविका, मदतनीस आदि उपस्थित थे.

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया-४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित । संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र.९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया ।